सार-समाचार

जीजा के नाम टेंडर करवाने का आरोप

अजमेर, (कासं)। पीसांगन पंचायत समिति प्रधान पर अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अपने रिश्तेदार ने नाम टेंडर करवाने का आरोप लगाने का मामला सामने आया है। कालेसरा निवासी दिनेश चौधरी ने पीसांगन विकास अधिकारी सोहनलाल डारा को लिखित शिकायत दर्ज करवा कर मामले की जांच कर कार्यवाही करने की मांग की है। वार्ड पंच दिनेश चौधरी ने बीडीओ को दिए ज्ञापन मे बताया कि पीसांगन प्रधान दिनेश कुमार द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुए अपने जीजा कि फर्म तेजाजी एंटरप्राइजेज के नाम टेंडर जारी करवा दिया गया है जो कि नियमों के विरुद्ध है। साथ ही बताया कि पंचायत समिति क्षेत्र कि ग्राम पंचायत दाँतडा मे वित्तीय वर्ष 2024-25 मे मनरेगा एंव अन्य सम्पूर्ण योजना का टेंडर अपने बहन के पति जीजा कि फर्म तेजाजी एंटरप्राइजेज के नाम करवा दिया गया। साथ ही वित्तीय वर्ष 2022-23 एंव 2023-24 मे ग्राम पंचायत मांगलियावास एंव वित्तीय वर्ष 2023-24 मे ग्राम पंचायत लामाना मे भी इसी फर्म के नाम टेंडर जारी करवा कर केवल इन्ही ग्राम पंचायतो मे लाखो रुपय के विकास कार्यों कि स्वीकृति जारी की गईं। एंव बताया कि पंचायती राज नियमों के तहत किसी भी जनप्रतिनिधि के परिजन एंव रिश्तेदारों के नाम टेंडर जारी नहीं किया जा सकता ताकि कार्य मे पारदर्शिता बनी रहे।परन्तु प्रधान ने अपने पद और ओदे का दुरूपयोग करते हुए अपने जीजा ने नाम टेंडर जारी करवा कर एंव पंचायत समिति द्वारा केवल उन्ही ग्राम पंचायतो मे लाखो रूपये की स्वीकृतिया देकर सरकार को लाखो करोड़ो रुपय का राजस्व नुकसान पहुंचाया गया।

अंग्रेजी व व्याकरण की विचारित सूची जारी

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा प्राध्यापक-विद्यालय (संस्कृत शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2024 के तहत अंग्रेजी एवं व्याकरण विषय के पदों हेतु पात्रता जांच के लिए विचारित सूचियां जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर है। आयोग सचिव ने बताया कि दोनों विषयों के पदों के लिए प्रश्न पत्र-प्रथम की परीक्षा 17 नवंबर 2024 को किया गया था। अंग्रेजी विषय के प्रश्न पत्र-द्वितीय की परीक्षा 19 नवंबर 2024 तथा व्याकरण विषय के प्रश्न पत्र-द्वितीय की परीक्षा का आयोजन 21 नवंबर 2024 को किया गया था। परीक्षा के फलस्वरूप अंग्रेजी विषय के 34 तथा व्याकरण विषय के 24 अभ्यर्थियों को पात्रता जांच के लिए विचारित सूची में सम्मिलित किया गया है।

रावत राजपूत महासभा ने लक्ष्य बताए

ब्यावर, (निसं)। राजस्थान रावत राजपूत महासभा के पदाधिकारिओं ने प्रेस वार्ता में आगामी दो वर्षों के कार्यकमों के लक्ष्य बताए। सर्कल सभाओं को सक्रिय के लिए महासभा अध्यक्ष का दौरा निश्चित तौर पर होगा।।

पुलिस कर्मियों को उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया

अजमेर, (कासं)। राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर पुलिस लाइन मैदान में भव्य पुलिस परेड का आयोजन किया गया। अजमेर पुलिस कप्तान वंदिता राणा ने परेड की सलामी ली और पुलिस जवानों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में राणा ने राजस्थान पुलिस के गौरवशाली इतिहास और समाज में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पुलिसकर्मी दिन-रात अपनी जान जोखिम में डालकर जनता की सेवा करते हैं और कानून व्यवस्था बनाए रखते है।

उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से आव्हान किया कि वे ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और जनता के प्रति संवेदनशीलता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें।

इस अवसर पर पुलिस कप्तान वंदिता राणा ने बताया कि पूरे राजस्थान में राजस्थान दिवस मनाया जा रहा है, जिसके उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अजमेर पुलिस भी इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक गतिविधियों का आयोजन कर रही है। पुलिस लाइन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस अधिकारियों और जवानों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस के अवसर पर अजमेर पुलिस लाइन मैदान में कार्यक्रम हुआ।

मेड़ता सिटी संवाददाता के अनुसार : बुधवार को राजस्थान पुलिस दिवस स्थापना के उपलक्ष में गुरु कृपा जनित सेवा संस्थान समिति ने मेड़ता में पुलिस कर्मियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर मेड़ता डी वाई एस पी रामनारायण मलिंडा, सी आई धर्मेश दायमा, महिला कानि. गायत्री, अंजू तथा कस्बा पुलिस चौकी इंचार्ज अनीश खान, डी वाई एस पी कार्यालय के हनुमान राम, सरोज सहित पुलिस कर्मियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर संस्था के कैलाश जांगिड़, विनोद भाटी, चंद्रजीत जांगिड़, श्याम बोराणा, रामेश्वर घांची,महेश बाला, कृष्ण कांत दहिया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

नवीन भवन का शिलान्यास

बिजयनगर, (निसं)। विद्या भारती संस्थान अजमेर द्वारा संचालित आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय बिजयनगर में भामाशाहों के सहयोग से श्री राम छात्रावास के नवीन भवन का शिलान्यास कार्यक्रम विधि विधान से हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ पंडित विष्णु शर्मा के सानिध्य में हवन यज्ञ के साथ धार्मिक अनुष्ठान, पूजा-पाठ और मन्त्रोंच्चारण के साथ छात्रावास की नींव रखी गई। कार्यक्रम में विधायक विरेन्द्र सिंह कानावत मंडल अध्यक्ष, अमित मोदी ,ईओ प्रताप सिंह पालिका पार्षद आदि उपस्थित रहे।मुख्य यजमान बालमुकुंद कोगटा, यजमान देवेन्द्र शर्मा, पदम मुणोत,अभिषेक नाहर, संजीव कोठारी, निर्मल बाफना, जिनेश काठेड़, अमित शर्मा महावीर व्यास ने जोड़ों के साथ आहुतियां दी। प्रेमराज बोहरा अनिल बोहरा मनीष वेष्णव ,बंटी रामचंदानी, दातार सिंह नरुका, सुमित शर्मा की उपस्थिति रही।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 41 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक 16.4.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 2-घ -42, आनासागर सरक्यूलर रोड़, अजमेर श्री परमानन्द पुत्र श्री धर्मदास को आवंटित कर दिनांक 09.07.1983 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री परमानन्द पुत्र श्री धर्मदास द्वारा दिनांक 30.03.1993 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री परमानन्द पुत्र श्री धर्मदास द्वारा मुख्तयारनामा आम सुश्री इन्द्रा वर्मा पुत्री स्व. श्री किशनचन्द के पक्ष में निष्पादित किया गया। मुख्तयारनामा के आधार पर सुश्री इन्द्रा वर्मा पुत्री स्व. श्री किशनचन्द द्वारा दिनांक 18.12.2013 को आवास का पंजीयन करवा लिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 1819 में पृष्ठ संख्या 77 क्रम संख्या 2013007468 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 1 जिल्द संख्या 4269 के पृष्ठ संख्या 242 से 254 पर दिनांक 18.12.2013 को चस्पा किया गया। अब सुश्री इन्द्रा वर्मा पुत्री स्व. श्री किशनचन्द ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया । सुश्री इन्द्रा वर्मा पुत्री स्व. श्री किशनचन्द का नाम मण्डल रिकॉर्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपत्ति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी ।

आवासीय अभियन्ता
राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन / 2025-26/833 — **लोक सूचना** — दिनांक : 16.4.2025

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिभूति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा न0	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1.	1. अर्जुन सिंह पुत्र माधु सिंह हिस्सा 1/15 जाति रावत सा. देह खातेदार। 2. करण सिंह पुत्र माधु सिंह हिस्सा 1 / 15 जाति रावत सा. देह खातेदार । 3. चंद सिंह पुत्र बुधा सिंह हिस्सा 1/5 जाति रावत सा. देह खातेदार। 4. चंद्री पत्नि बुधा सिंह हिस्सा 1/5 जाति रावत सा. देह खातेदार । 5. टेमा देवी पुत्री बुधा सिंह हिस्सा 1/5 जाति रावत सा. देह खातेदार। 6. राजेन्द्र सिंह पुत्र बुधा सिंह हिस्सा 1/5 जाति रावत सा. देह खातेदार। 7. सपना पुत्री माधु सिंह हिस्सा 1/15 जाति रावत सा. देह खातेदार ।	जलिया प्रथम	1745/789	0.3075 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्वनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 16 अप्रैल 2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

लोगों को जल्द पट्टे नहीं मिले तो भूख हड़ताल करूंगा : विकास

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। विधायक विकास चौधरी ने सैकड़ो लोगो की मौजूदगी में नगर परिषद प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए अल्टीमेटम दिया की एक पखवाड़े में गरीबो को मकान का पट्टा नहीं दिया तो भूख हड़ताल शुरू कर दी जायेगी।

विधायक चौधरी बुधवार को नगर परिषद में आयोजित धरना प्रदर्शन सभा को संभोधित कर रहे थे। उन्होंने तीखे अंदाज में कहा नगर परिषद में भृष्टाचार चरम पर पहुंच चुका है, गरीब व्यक्ति बिना घुस दिये अपना काम नहीं करा पा रहा है। शहरी क्षेत्र के 1478 लोगो द्वारा करीब 4 करोड़ रूपये शुल्क जमा कराने के बावजूद इनको पट्टा नहीं दिया जा रहा है। सफाई कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं दिये जाने के कारण सफाई व्यवस्था पुरी तरह बदहाल स्थिति में पहुंच चुकी है, वार्डो में सडके नाली टूटी पड़ी है, लोग मुलभुत सुविधाओं से वंचित है। विधायक चौधरी ने नगर परिषद में व्याप्त भृष्टाचार की बड़े ही जोशीले अंदाज में व्याख्या कर कहा कई शाखाओ में दरे तय कर रखी है, अगर घुस नहीं दी तो काम नहीं होता। अधिकारियो की नैतिक जिम्मेदारी बनती है की आमजन की पीड़ा को समझे, इनके जायज कार्य को गति के साथ किया जाये, इसके बावजूद अब तालमटोल रवैया अपनाया और मेरे पास शिकायत आई तो उस अधिकारी की खेर नहीं। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि पूरी नगर परिषद भ्रष्ट है, पट्टो को तो दूर नियमन व विखंडन की फाइलों को भी पास नहीं किया जा रहा है,लोगो की कोई सुद नहीं ले रहा, केवल वोट के लिए जुगनू की तरह 4 दिन आते हैं और वोट लेकर चले जाते हैं। बड़ी विडंबना है की पानी, बिजली, सड़क समस्या के साथ लोग अपनी खुद की छत को अपने नाम करवाने के लिये कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। इस दौरानब्लॉक अध्यक्ष मोहित खंडेलवाल, नगर परिषद प्रतिपक्ष नेता हमीदा बानो, नगर अध्यक्ष आजम कुरैशी, ब्लॉक अध्यक्ष सत्यनारायण बटेश्वर, रूपनगढ ब्लॉक अध्यक्ष जीवन भाकर, जिला परिषद सदस्य गणेश गुर्जर, जगदीश गोरा, पार्षद प्रदीप अगरवाल, महेंद्र यादव, नूर मोहम्मद, रामसिंह मीणा, गिरिराज गुर्जर, मोहम्मद तकी मोहम्मद, सुशील अजमेरा, परवीन बानो, धन्नालाल यादव, घनश्याम सिंह सोढा, अंजू मेघवंशी, गिरिराज गुर्जर, रंजीत चौधरी, पप्पू मेघवाल, पार्षद प्रतिनिधि मनमोहन शर्मा, किसान नेता कानाराम चोटिया, एडवोकेट दिनेश जाट, अंराई क्रय विक्रय सहकारी समिति अध्यक्ष सुमेर चौधरी गागुंदा, वरिष्ठ नेता जसराज डाबला, मंडल अध्यक्ष गणेश गुर्जर, रतन घंस्बा, रामस्वरूप कलवानिया, रामधन माली, वरिष्ठ नेता मदन जाजोरिया, मूलचंद शर्मा, भामोलाव सरपंच शिवराज बागड़ी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राधेश्याम वैष्णव, राहुल चोरडिया, इकराम मंसूरी, सलीम शेख, इस्लामुद्दीन, दीपक बिरला, कमल डीडवानिया सहित सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, महिलाएं व आमजन मौजूद रहे। इस मौके पर मंच संचालन राकेश शर्मा ने किया।

किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी ने नगर परिषद प्रशासन के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए अल्टीमेटम दिया की एक पखवाड़े में गरीबों को मकान का पट्टा नहीं दिया तो भूख हड़ताल शुरू कर दी जायेगी।

प्राधिकृत अधिकारी कार्यालय नगर परिषद, ब्यावर

क्रमांक/नियमन / 2025-26/836 — **लोक सूचना** — दिनांक : 16.4.2025

निम्नांकित खातेदारों ने इस कार्यालय में निचे उल्लेखित भूमि का गैर कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिभूति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात

क्र. सं.	आवेदक का नाम	ग्राम	खसरा न0	क्षेत्रफल हैक्टेयर में
1.	1. अंशु पुत्री रामगोपाल हिस्सा 1/9 जाति जाट सा. देह खातेदार। 2. कंचन देवी पुत्री नारायण हिस्सा 1/9 जाति जाट जाति जाट सा. देह खातेदार । 3. कैलाश चौपडा पुत्र नारायण हिस्सा 4 / 9 जाति जाट सा. देह खातेदार 4. जुगराज पुत्र रामगोपाल हिस्सा 1/9 जाति जाट सा. देह खातेदार । 5. रेखा देवी पत्नि राम गोपाल हिस्सा 1/9 जाति जाट सा. देह खातेदार । 6. सोनू देवी पुत्री राम गोपाल हिस्सा 1 / 9 जाति जाट सा. देह खातेदार ।	गढीथोरियान	1559	0.2064 हैक्टेयर
2	1. अंशु पुत्री रामगोपाल हिस्सा 1/8 जाति जाट सा. देह खातेदार । 2. कैलाश पुत्र नारायण हिस्सा 1/2 जाति जाट सा. देह खातेदार । 3. जुगराज पुत्र रामगोपाल हिस्सा 1/8 जाति जाट सा. देह खातेदार । 4. रेखा देवी पत्नि राम गोपाल हिस्सा 1/8 जाति जाट सा. देह खातेदार। 5. सोनू देवी पुत्री राम गोपाल हिस्सा 1/8 जाति जाट सा. देह खातेदार ।	गढीथोरियान	1563	10.1659 हैक्टेयर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90 (क) और राजस्थान अभिधृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधिन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 07 दिन के भीतर भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष के समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्वनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधिन आज दिनांक 16 अप्रैल 2025 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी नगर परिषद ब्यावर

NAME CHANGE

I S Anitha is Spouse of Army No 14832908F, HAV, Jagan Mohan Reddy Kalluri, Residing Vill- Kotha Palli, Po- Thimmapuram, Teh-Giddalur, Dist- Prakasam, Andhra Pradesh,523357 Have changed my name From S Anitha to Kalluri Anitha Vide affidavit no CA920114 Dt 15/4/2025 before court Campus Nasirabad

NAME CHANGE

I, Swarn Kaur Mother's of Army No.18009374M, NK, Kulwinder Singh, Residing at Dabkhera, Lawda, Kurukshetra,Haryana, 136132 have change my name from Sawran Kaur to Swarn Kaur at court campus Nasirabad

NAME CHANGE

I Sobha K is Mother of Army No 14863640W, SEP, Syamjith K, Residing Vill- Nochad, Po - Chenoli, Teh-Koyilandy, Dist- Kozhikode, Kerala, 673525 Have changed my name From Sobha K to Sobha Vide affidavit no CA920116 Dt 15/4/2025 before court Campus Nasirabad

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि फर्म मै. राधाकिशन बैजनाथ टिम्बर मर्चेन्ट व फर्नीचर नया बाजार अजमेर (राज.) जो कि रजिस्ट्रार आफ फर्म अजमेर के पंजीकरण संख्या RF/AJM/2020/ 205 से पंजीकृत है। इस फर्म में दिनांक 03.04.2025 को नरेश अग्रवाल पुत्र श्री नोरतमल अग्रवाल को साझेदारी के रूप में सम्मिलित हुए। अब इस फर्म में निम्न साझेदार हो गए है (1) चन्द्र कान्ता अग्रवाल (2) नोरतमल अग्रवाल (3) नरेश अग्रवाल। अतः इस सम्बन्ध में यदि किसी को कोई ऐतराज/आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन के 7 दिवस में उपरोक्त पते पर या रजिस्ट्रार ऑफ फर्म, कार्यालय अजमेर को अपना ऐतराज / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। 7 दिवस के बाद कोई ऐतराज/आपत्ति मान्य नहीं होगी। वास्ते मै. राधाकिशन बैजनाथ टिम्बर मर्चेन्ट व फर्नीचर नया बाजार, अजमेर।

एडवोकेट (रवि कोटारी) अजमेर मो. 9214502917

ब्यावर न्यायालय में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित

ब्यावर, (निसं) मुंशी मोतीलाल, स्व. मुंशी शांतिलाल, स्व. डॉ. एन.एम. रांकाजी एडवोकेट की प्रेरणा से तथा जिला बार एसोसिएशन संस्था ब्यावर के संयुक्त तत्वाधान में भारत रत्न व स्वतंत्र भारत के प्रथम कानून और न्यायमंत्री डॉ. श्री भीमराव अम्बेडकर की 134 वीं जयंति के उपलक्ष में न्यायालय परिसर में बाबा साहब की प्रतिमा स्थापित की गई। जिला बार संस्था के सचिव नरेन्द्रकुमार शर्मा एडवोकेट ने बताया कि जिला बार संस्था अध्यक्ष दिलीपसिंह गोरा के संयोजन में भामाशाह उर्मिला, महेन्द्र रांका, सिद्धार्थ, संमव, पीयूष रांका एडवोकेट, रिषम के सोजन्य से भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष जैनेन्द्र कुमार राका, पूर्व न्यायाधीश राजस्थान उच्च न्यायालय, मुख्य अतिथि विजय प्रकाश सोनी एडीजे संख्या 3 न्यावर थे। अतिथियों व भामाशाह परिवार आदि का स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि सोनी साहब ने भीमरावजी अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में केकड़ी बार अध्यक्ष मनोज आहुजा व नसीराबाद बार अध्यक्ष चौधरी ने भामाशाह द्वारा करवाये गये कार्य की प्रशंसा की। इस अवसर पर स्थानीय अधिकारीगण महावीर सिंह चारण, राजेश्वर विश्नोई, पंकज सांखला, सतीश फानीन, पूजा सिंह सहित अधिवक्ता टीकमसिंह,रामेन्द्र शर्मा, महेन्द्र बोहरा, प्रवीण जैन, राजकुमारी तंवर, सुलक्षण शर्मा, कोमल सांखला, महिमा कोकलीया, नीलम, आशा चौहान, माधुरी टांक, सुनील सिंगारिया सहित कई जने मौजूद रहे।

अवैध जल कनेक्शन काटे

अजमेर, (कासं)। पेयजल की बढ़ती मांग को देखते हुए अजमेर में जलदाय विभाग ने विशेष अभियान चलाकर शहर और जिले में अवैध पेयजल कनेक्शनों को काटने और बूस्टर जब्त करने की कार्रवाई की है।

अजमेर के अतिरिक्त मुख्य अभियंता रामचंद्र ने जानकारी देते हुए बताया कि लगभग दो हजार अवैध कनेक्शन काटे गए हैं और 128 बूस्टर जब्त किए गए हैं।

यूथ कांग्रेस ने प्रदर्शन किया

अजमेर, (कासं)। अजमेर स्मार्ट सिटी योजना में कथित घोटाले को लेकर यूथ कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विरोध प्रदर्शन किया और अधिकारियों से वसूली की मांग की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह प्रदर्शन सेवन वंडर पार्क और फूड कोर्ट को तोड़ने के आदेश के बाद और तेज हो गया है।

यूथ कांग्रेस का आरोप है कि स्मार्ट सिटी योजना के तहत अजमेर में कई अनियमितताएं हुई हैं।

उन्होंने सेवन वंडर पार्क और फूड कोर्ट को तोड़ने के आदेश को भ्रष्टाचार का नतीजा बताया है। उनका कहना है कि इन योजनाओं में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है।

इस विरोध प्रदर्शन के दौरान यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहित मल्होत्रा ने कहा कि 'स्मार्ट सिटी योजना अजमेर के लिए एक सुनहरा अवसर थी, लेकिन भ्रष्ट अधिकारियों और नेताओं ने इसे भ्रष्टाचार का अड्डा बना दिया।

हम इस भ्रष्टाचार को उजागर करके रहेंगे और दोषियों को सजा दिलवाकर रहेंगे।'

उन्होंने बताया कि आगामी दस दिनों में यूथ कांग्रेस शहर के विभिन्न वार्डों में ई-रिक्शा घुमाकर स्मार्ट सिटी घोटाले के बारे में जनता को जागरूक करेगी। इस ई-रिक्शा अभियान के माध्यम से कांग्रेस लोगों को स्मार्ट सिटी योजना में हुए भ्रष्टाचार के बारे में जानकारी देगी।

3 अभ्यर्थी मुख्य सूची में सफल

अजमेर, (कासं)। राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा 3 अगस्त 2024 को आयोजित पुरालेखपाल (राजस्थान राज्य अभिलेखागार) प्रतियोगी परीक्षा-2024 में सफल रहे अभ्यर्थियों की मुख्य सूची जारी कर दी गई है।

इस संबंध में विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

आयोग सचिव ने बताया कि उक्त परीक्षा अंतर्गत पात्रता जांच के लिए विचारित सूची 14 जनवरी 2025 को जारी की गई थी। इस सूची में अस्थाई रूप से सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच उपरांत 3 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

कार्यालय ग्रा. प. गडवालो का खेड़ा प. स. हुरड़ा जिला भीलवाड़ा

क्रमांक - spl/2025-26/02 — दिनांक - 16/04/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गढवालो का खेड़ा के विभिन्न गांवों में DLC व रियायती दर पर पट्टे जारी करने हेतु आवेदन प्राप्त हुए थे, जो निम्न है -

1. दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति गढवालो का खेड़ा
2. गोपाल s/o देवा प्रजापत परडोदास
3. पारसी देवी w/o नंदलाल कुम्हार रामनगर
4. सीता देवी w/o कन्हैया लाल कुम्हार रामनगर
5. लाड देवी w/o सुखदेव कुम्हार रामनगर
6. गोपाली देवी w/o गणपत कुम्हार रामनगर
7. महावीर बलाई s/o बालू राम बलाई परडोदास
8. सुरेश चन्द्र s/o भँवर लाल जाट परडोदास
9. बद्री लाल s/o मांगू जाट परडोदास
10. उपरोक्त प्रार्थियों के सम्बंध में किसी भी आमजन को कोई आपति हो तो 15 दिन में ग्राम पंचायत कार्यालय में लिखित रूप में आपति दर्ज करा सकते है। कोरम दिनांक 20/02/25 के प्र. स. 4 पर दर्ज कर स्वीकृति दी जाती है।

शिवराज चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी, गढ़वालो का खेड़ा, पं.स. हुरड़ा, जिला भीलवाडा
हेमराज चौधरी, सरपंच, ग्रा.पं. गढ़वालों का खेड़ा, पं.स. हुरड़ा, जिला भीलवाडा

कार्यालय, नगर परिषद किशनगढ़, अजमेर (राजस्थान)

क्रमांक/नपकि/ग्रा.प्र/कृभूमि/2025/72 — **लोक सूचना** — दिनांक : 15.04.2025

1. श्री अक्षय कुमार तापड़िया पुत्र कैलाशचन्द निवासी राजस्थान बैंक वाली गली आदेश्य मार्ग अजमेर तेड मदनगंज किशनगढ़ जिला अजमेर राज 2. श्री अभिषेक सोनी पुत्र तेजकरण सोनी निवासी सोनी सदन आदेश्य मार्ग अजमेर तेड मदनगंज किशनगढ़ 3. श्रीमती गुर्जर पुत्र सत्यमल गुर्जर निवासी ग्राम अलवरी तहसील व जिला अजमेर राज्य ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का अवासीय प्रयोजनार्थ गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिभूति अधिकारों के निर्वाचन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है अर्थात

क्र.सं.	तहसील और जिले का नाम	राजस्व ग्राम का नाम	खसरा सं.	क्षेत्रफल
1	किशनगढ़	मदनगंज	150,154	खसरा नम्बर 150, 154 में कुल क्षेत्रफल 19425.00 वर्गमीटर

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 15.04.2025 को जारी की गयी ।

आयुक्त
नगर परिषद किशनगढ़

पारीक को बधाई दी

मेड़ता सिटी, (नि.सं.)। मेड़ता निवासी नरेश पारीक लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय सचिव को जन्मदिन पर बधाई दी। चितौड़ सांसद सीपी जोशी, विधायक लक्ष्मणराम कलरू, नवरतनमल सिंघवी , नारायण पारिक , जितेन्द्र शर्मा , प्रेस क्लब अध्यक्ष सुशील दिवाकर आदि ने बधाई दी।

सरवाड़ में महायज्ञ, हवन में आहुतियां दी

सरवाड़, (निसं)। शहर में श्री मंशापूर्ण गणेश मंदिर में बुधवार को महायज्ञ में कई यजमानों ने हवन में आहुतियां दी वहीं नवकुंडात्मक श्री गणपति महायज्ञ एवं श्रीमद् भागवत कथा आयोजित हुई व रामलीला विधिवत शुरुआत हुई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार महंत लक्ष्मण दास महाराज अखिल भारतीय श्री पंच राम दिगंबर अनी अखाड़ा वृन्दावन के सानिध्य में हो रहे विशाल महायज्ञ को लेकर लोगों में उमंग देखने को मिली।

इस अवसर पर पंडित राजेंद्र प्रसाद तिवाड़ी ने बताया कि बुधवार को यजमानों ने हवन में आहुतियां दी जिससे वातावरण शुद्ध होता है।

हर यजमान को हवन में आहुतियां देनी चाहिए जिसे बीमारियां शरीर में प्रवेश नहीं करती है। वहीं भागवत कथा के पहले दिन कथा वाचक भीलवाड़ा से महंत नंन्दकिशोरदास द्वारा श्रीमद् भागवत कथा का वाचन किया गया। उन्होंने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से ही सभी पापों का नाश हो जाता है।

इस मौके पर उन्होंने बताया कि हर घरों में तुलसी का पौधा होना आवश्यक है। जिससे वातावरण शुद्ध होता है। इस कथा में काफी संख्या में महिलाएं व पुरुष उपस्थित रहे। इस अवसर पर समाजसेवी किशन सिंह लाखनोत एडवोकेट ने महाराज को माला पहनाकर व श्रीमद् भागवत कथा की पूजा अर्चना भी की। इस मौके पर यज्ञ पांडाल व मंदिर परिसर की विशेष सजावट की गई।

पंडित राजेन्द्र प्रसाद तिवाड़ी मुकुट बिहारी शर्मा किशन सिंह लाखनोत ओम प्रकाश पारीक गोवर्धन वैष्णव नाथू लाल शर्मा गोपाल सिंह लाखनोत राधेश्याम पोरवाल कमलेश कोमल रेगर गोपाल लोहार ईश्वर पाराशर रामस्वरूप वैष्णव गोपाल प्रजापत घीसालाल गुर्जर साहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। वहीं प्रधान कुंड पर अनिल सोनी ने हवन में आहुति दी। इसी प्रकार नो कुंड में 22 जोड़ों ने हवन में आहुतियां दी। वहीं इस यज्ञ में शहर सहित ग्रामीण पहुंचकर यज्ञशाला के परिक्रमा कर पुण्य प्राप्त कर रहे हैं।

आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(पूर्व में कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड, आईडीएफससी बैंक लिमिटेड के साथ सम्मिलित और वर्तमान में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड के नाम से जा